संख्या–cm-607
06/12/2023

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**पटना, 06 दिसम्बर 2023 :–** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्री मो0 इसराईल मंसूरी, बिहार विधान परिषद् के उपसभापति श्री रामचन्द्र पूर्वे, पूर्व विधान पार्षद श्रीमती रोजीना नाजिश, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन–कीर्तन, बिहार गीत के साथ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। हाल में हुये विधानसभा चुनाव परिणाम से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में पिछली बार कांग्रेस उन राज्यों में जीती थी। कांग्रेस को इसबार भी अच्छा वोट आया है लेकिन भाजपा जीती। तेलंगाना में कांग्रेस जीती है। इनसब चीजों पर कोई खास चर्चा की बात नहीं है। हम तो यही चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो। खबर में चल रहा था कि हम 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में नहीं जा रहे हैं जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। मेरी तबीयत खराब थी। मुझे सर्दी–खांसी, बुखार लगा हुआ था। अगली मीटिंग होगी तो हम फिर कहेंगे कि अब देर नहीं कीजिए। आपस में बैठकर सबकुछ जल्दी से तय कर लीजिए। हम एक साल से विपक्षी एकजुटता में लगे हुए हैं। राज्यों के चुनाव में सभी पार्टियां अपनी–अपनी जीत के लिए लग जाती हैं वो अलग चीज है लेकिन हम चाहते हैं कि आगे से सब एकजुट होकर चुनाव लड़ें।

'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री पद को लेकर मेरे बारे में अक्सर खबरें आती हैं कि लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मुझे कुछ नहीं चाहिए। हम केवल चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो और अभी जो पार्टी केंद्र की सत्ता में है उसके खिलाफ चुनाव लड़े। वे लोग देश के इतिहास को बदलने में लगे हुए हैं। नयी पीढ़ी को आजादी की लड़ाई को याद रखना चाहिए। मुझे व्यक्तिगत रूप से कुछ नहीं चाहिए। हम पहले से ही लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। हमलोग आंदोलन भी किए हैं। हम राज्य के हित में अपने काम में लगे रहते हैं। हमलोग तेजी से युवाओं को रोजगार देने में लगे हुए हैं। देशहित में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट हों। हमलोगों ने जाति आधारित गणना कराई। सिर्फ जातिगत गणना नहीं कराई बल्कि हर परिवार की आर्थिक स्थिति का भी पता

लगाया। हिंदू, मुस्लिम, अनुसूचित जाति–जनजाति, पिछड़ा–अति पिछड़ा वर्ग, अपर कास्ट किसी भी जाति–वर्ग का हो, सबका पता लगवाया। हर जाति में गरीबी है। अपर कास्ट में भी कितनी गरीबी है, इसका पता चला। पूरे देश में जातिगत जनगणना होती तो सबको काफी फायदा होता।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की गरीबी को देखते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। बिहार काफी पौराणिक जगह है। देश में और देश के बाहर जो कुछ भी था सबकुछ बिहार से ही शुरू हुआ था। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलेगा तो बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। बिहार के लोग दूसरी जगहों पर जाकर काफी सेवा करते हैं। बिहार के लोग कहीं कोई गड़बड़ी नहीं करते हैं। सबलोग काफी अच्छा काम करते हैं, सेवा में लगे रहते हैं। बिहार के लोगों का बहुत अच्छा स्वभाव है। आप पत्रकारों का भी स्वभाव बहुत अच्छा है। दिल्लीवाले आपलोगों पर कब्जा किए हुए हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के बिहार दौरे से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबका सब दिन इज्जत करते रहेंगे, यह हमारी परंपरा है।

******